दैनिक

प्रातः कालीन

# क्यूँ न लिखूँ सच

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO.- 05086/21

वर्ष :- 02 अंक :- 90 मुरादाबाद 25 July 2022 (Monday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 19 वर्ष के पदक के सूखे को खत्म करने वाले नीरज चोपड़ा को सीएम योगी आदित्यनाथ ने दी बधाई



टोक्यो ओलिंपिक में एथलेटिक्स की जैवलिन थ्रो स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाले नीरज चोपड़ा की सफलता का सिलसिला जारी है। अमेरिका के ऑरेगोन में नीरज चोपड़ा ने विश्व एथलेक्सि चैंपियनशिप की जैवलिन थ्रो स्पर्धा में रजत पदक जीता। उनकी इस सफलता पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बधाई दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा आज विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप- 2022 के जैवलिन थ्रो में रजत पदक जीतकर भारत का मान बढ़ाने वाले नीरज चोपड़ा जी को मेरी तरफ से हार्दिक बधाई है। मुख्यमंत्री ने लाखों युवाओं के प्रेरणास्रोत नीरज चोपड़ा के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनको ढेर सारी शुभकामना दी हैं। उन्होंने कहा कि नीरज चोपड़ा ने जेवलिन थ्रो प्रतिस्पर्धा में रजत पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। भारत का मानवर्धन करती इस अविस्मरणीय उपलब्धि हेतु आपको हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। हमें आप पर गर्व है। इससे पहले भी उत्तर प्रदेश सरकार ने टोक्यो ओलिंपिक में पदक विजेता सभी खिलाडियों का लखनऊ में भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया था। इसमें भी नीरज चोपड़ा को स्मृति चिन्ह तथा तीन करोड़ रुपया की धनराशि प्रदान की गई थी।नीरज ने खत्म किया 19 वर्ष का पदक का सूखा नीरज चोपड़ा ने विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप- 2022 में आज इतिहास रचा है। उन्होंने जैवलिन थ्रो में रजत पदक जीतकर इस चैम्पियनशिप में 19 वर्ष के पदक के सूखे को भी समाप्त किया है। इससे पहले भारत ने 2003 में विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में पदक जीता था। अंजू बाबी जार्ज ने लांग जम्प में कांस्य पदक जीता था। नीरज चोपड़ा ने आज फाइनल में 88.13 मीटर का बेस्ट थ्रो किया और दूसरा स्थान हासिल किया। एंडरसन पीटर्स ने 90.54 मीटर का थ्रो का गोल्ड पर कब्जा किया, तो जैकब वेलडेच ने 88.09 मीटर का थ्रो कर तीसरा स्थान हासिल किया। नीरज चोपड़ा की शुरुआत खराब रही और पहला ही थ्रो फाउल रहा। पहले दौर के बाद चौथे स्थान पर थे। दूसरे राउंड के पहले ही थ्रो में 88.13 मीटर का थ्रो कर नीरज ने पदक की दौड़ में खुद को शामिल कर लिया था। आखिरी थ्रो में उम्मीद थी कि वो एंडरसन पीटर्स को पीछे छोड़ देंगे लेकिन ऐसा हो नहीं पाया। भारतीय स्टार जैवलीन थ्रोअर ने 19 वर्ष बाद भारत को विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में पदक दिलाया है। इससे पहले अंजू बॉबी जॉर्ज ने वर्ष 2003 में कांस्य पदक जीता था, जो भारत का इस इवेंट में पहला पदक था।नीरज चोपड़ा ने इससे पहले जापान के टोक्यो ओलिंपिक में जैवलिन थ्रो स्वर्ण पदक जीता था। वह ओलिंपिक में किसी भी खेल की व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी हैं। यह ट्रैक एंड फील्ड में भारत का पहला पदक था। उन्होंने टोक्यो में 87.58 मीटर के अपने दूसरे थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता था।

## सपा से तलाक के बाद ओम प्रकाश राजभर का रुझान बसपा की ओर देख अनुप्रिया की सलाह, एनडीए में आएं तो बेहतर



समाजवादी पार्टी ने शनिवार को गठबंधन के दो सहयोगी प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी को मुक्त कर दिया है। समाजवादी पार्टी का पत्र जारी होने के बाद सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के मुखिया ओम प्रकाश राजभर का रुझान बहुजन समाज पार्टी की ओर है। राजभर को बसपा के गठबंधन करने के मूड में आता देख केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने उनको सलाह दी है। अपना दल सोनेलाल की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल ने राजभर को एनडीए ( राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ) के साथ आने की सलाह दी है। समाजवादी पार्टी की तरफ से तलाक मिलने के बाद सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने पूर्वांचल में अपनी पार्टी की बैठक प्रारंभ कर दी है। जिला संगठन को मजबूती देने के लिए वह जिलों में जाकर कार्यकर्ता सम्मेलन कर रहे हैं। जौनपुर में सुभासपा अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि सपा की तरफ से तलाक हो गया है तो इधर से भी तलाक हो गया है। हम तो अब जिला संगठनों को मजबूत करने के साथ ही पार्टी के विधायक और संगठन के लोगों के साथ बैठकें कर रहे हैं। पूर्वांचल में हमारी बैठकें 27 जुलाई तक चलेंगी।उन्होंने इसके साथ ही कहा कि हम आगे के गठबंधन के बारे में भी विचार कर रहे हैं। ओम प्रकाश राजभर का रुझान तो बहुजन समाज पार्टी की ओर है। इसके बाद भी उन्होंने कहा कि हम गठबंधन में पार्टी कार्यकर्ताओं की राय लेकर बसपा से बात करेंगे। देश तथा प्रदेश में सरकर गठबंधन से बन रही है। हम भी गठबंधन करेंगे। इस बारे में बसपा से बात की जाएगी। जौनपुर में ओमप्रकाश राजभर काफी देर तक अखिलेश यादव पर हमलावर रहे। उन्होंने कहा कि अब बसपा के साथ मिलकर राजनीति करेंगे। इस बारे में उनकी बहुजन समाज पार्टी की मुखिया मायावती से जल्द ही बात हो जाएगी। उन्होंने कहा कि बसपा मुखिया मायावती तो अखिलेश से ज्यादा क्षेत्र में रहती हैं। उनकी पार्टी भी काफी अनुशासित है। राजभर ने बीते विधानसभा चुनाव में टिकट देने में भी अखिलेश यादव पर पक्षपात का गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि टिकट देने में अखिलेश यादव काफी भेदभाव करते थे। इसका परिणाम भी सामने है।

### राजभर को एनडीए में आने की सलाह

नरेन्द्र मोदी सरकार में राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने ओम प्रकाश राजभर को गठबंधन के बारे में सलाह दी है। मिर्जापुर से लोकसभा सदस्य नरेन्द्र मोदी सरकार में राजस्व तथा उद्योग राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा है कि ओमप्रकाश राजभर अगर एनडीए गठबंधन में आएंगे तो उनके और उनकी पार्टी के लिए बेहतर होगा। एनडीए का कुनबा निरंतर बढ़ता जा रहा है। इसके साथ ही एनडीए की सरकार बेहतरीन कार्य कर रही है। मिर्जापुर में अनुप्रिया पटेल ने आज अपना दल एस कार्यालय का उद्घाटन किया है। उन्होंने कहा कि पहले भी ओम प्रकाश राजभर उत्तर प्रदेश में एनडीए में थे। उनको सम्मान भी मिला और वो योगी आदित्यनाथ की सरकार में कैबिनेट मंत्री भी बने थे।

## काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन को लेकर आपस में भिड़े श्रद्धालु और सेवादार, जमकर हुई मारपीट



सावन का महीना आते ही मंदिरों में बढ़ती श्रद्धालुओं की भीड़ का असर दिखने लगा है। नतीजतन नौबत कई बार मारपीट तक पहुंच जाती है। कुछ ऐसी ही नजारा वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर के गर्भगृह में देखने को मिला। सप्तऋषि आरती से पहले दर्शन-पूजन को लेकर सेवादार और श्रद्धालु में मारपीट हो गई। मंदिर के अंदर मारपीट को देखकर अन्य श्रद्धालुओं में हड़कंप मच गया। श्रद्धालु ने इसकी शिकायत चौक थाने में की है। श्रद्धालु ककरमत्ता के कृष्णानंद गुप्ता ने बताया कि वह गर्भगृह में दर्शन-पूजन करने पहुंचे तो सेवादार ने हाथ खींचना शुरू किया। रोकने पर वह धक्का देने लगा। विरोध करने पर मारपीट की गई। उधर मंदिर प्रशासन का कहना है कि गर्भगृह में सप्तर्षि आरती का समय हो रहा था। गर्भगृह को बंद कराया जा रहा था उसी समय दो दर्शनार्थियों का मंदिर के सेवादारों से विवाद हो गया। यही नहीं दर्शनार्थी सेवादार को मारने लगे। इस पर सभी सेवादारों ने मिलकर उस दर्शनार्थी को बलपूर्वक बाहर निकाला। सेवादारों ने मंदिर के सीईओ को पत्र लिखकर घटना से अवगत कराया है और पुलिस द्वारा सहयोग न करने की शिकायत की गई है। मंदिर के अंदर मारपीट को लेकर सेवादारों ने कहा, काशी विश्वनाथ मंदिर के गर्भगृह में शनिवार की शाम सप्तर्षि आरती का समय हो रहा था। गर्भगृह को बंद कराया जा रहा था उसी समय दो दर्शनार्थी द्वारा मंदिर के सेवादारों से विवाद कर लिया। यही नही दर्शनार्थी सेवादार को मारने लगे। इस पर सभी सेवादारों ने मिलकर उस दर्शनार्थी को बल पूर्वक बाहर निकाला। इस मामले में सेवादारों ने मंदिर के सीईओ को पत्र लिखकर घटना से अवगत कराया है और पुलिस द्वारा सहयोग न करने की शिकायत की गई है।

# बालू भंडारण की नाप न हो पाने पर डीएम नाराज



हारुन बख्श

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

फर्रुखाबाद- गुटैटी दक्षिण गांव के पास बालू भंडारण की जांच समतलीकरण न हो पाने पर दूसरे दिन भी नहीं हो पायी। जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने रविवार को यहां पहुंचकर पूरी स्थिति को परखा। नाप न हो पाने पर उन्हांने नाराजगी जाहिर की। कहा कि जल्द इसे पूरा किया जाये। जिलाधिकारी ने बालू भंडारण की माप कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश एसडीएम को दिये हैं। पूर्व में जिलाधिकारी ने सदर तहसील के चांदपुर क्षेत्र और अमृतपुर के कुतलूपुर गांव के नजदीक बालू का भंडारण देखा था। इसकी नाप जोख जब करायी गयी थी तो जो जानकारी दी गयी थी उससे कहीं अधिक बालू का भंडारण मिला। इस पर दोनों एसडीएम की ओर से डीएम को पूर्व में ही रिपोर्ट दी जा चुकी है। अब गुटैटी दक्षिण गांव के पास जो बालू का स्टाक है उसकी जांच के लिए पूर्व में डीएम ने निर्देश दिये थे। शनिवार को एसडीएम कायमगंज जांच के लिए राजस्व टीम को लेकर पहुंचे थे लेकिन भंडारण काफी था। ऐसे में समतलीकरण का कार्य न हो पाने से जांच नहीं हो पायी। रविवार की सुबह डीएम ने यहां पहुंचकर पूरी स्थिति को परखा। अब तक नाप जोख न हो पाने पर डीएम नाराज हुये। बालू भंडारण करने वाले कर्मचारियों ने डीएम से एक दिन का समय मांगा। इस पर डीएम ने एक दिन का समय दिया। उन्होंने एसडीएम को निर्देशित किया कि समतलीकरण होने के बाद बालू भंडारण की जांच की जाये। भंडारण को लेकर जो रिपोर्ट ठेकेदार की ओर से दी गयी है उसको देखा जाये। नाप में जो स्थिति मिले वह बतायी जाये जिससे इसमें आगे की कार्रवाई शुरू हो सके। जिलाधिकारी के सख्त रुख को देखते हुयेअधीनस्थों में हड़कंप मच गया है। एसडीएम के अलावा खनन इंस्पेक्टर भी यहां मौजूद रहे। एसडीएम ने बताया कि समतलीकरण होते ही नाप जोख पूरी कर ली जायेगी। पूरी रिपोर्ट जिलाधिकारी को दी जाएगी

# सुहागरात मनाने के बाद लुटेरी दुल्हन मोबाइल रुपए लेकर फरार

लवकुश ठाकुर

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़-गंगीरी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक अपनी पत्नी की मौत के बाद घर में एक दुल्हन ले आया सुहागरात में ही लुटेरी दुल्हन अपने चाचा के साथ चुपके से घर में दरवाजा बंद कर फरार हो गई

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक की पत्नी की बीमारी के चलते करीब सात,माह पूर्व मौत हो गई थी तभी से युवक अपने हमसफर की तलाश में जुटा हुआ था बिचौलिये के माध्यम से अलीगढ़ से अपने घर में दुल्हन लेआया साथ में दुल्हन,का, चाचा भी आया हुआ था युवक,को, क्या पता था जिसकी वह, खुशी, मना रहा है वहां लुटेरी, दुल्हन रात में ही चली जाएगी रात में युवक ने, दुल्हन एवं उसके चाचा के साथ खाना खाया और बात करते करते सो, जाने के बाद दुल्हन व, उसका चाचा मोबाइल व हजारों की नकदी व कीमती सामान लेकर फरार लुटेरी दुल्हन फरार पति का रो रो कर बुरा हाल,दोनों की तलाश में लग हुआं है

## डॉ अनुराग शर्मा के लिए बनाया उसहैत की चेयरमैन ने हरेला मित्र



सत्येंद्र पाल

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बदायूँ- उसहैत की चेयरमैन श्रीमती सैनेरा जी ने अलापुर रोड दक्षिण मुखी श्री हनुमान जी मंदिर के सामने ऊर्जावान श्रीमती चेयर पर्सन श्रीमती सैनेरा वैश्य जी एवं पूर्व चेयरमैन प्रिय भाई गोल्डी जी के साथ कई जगह वृक्षारोपण किया और मानव एवं प्राकृतिक के अंतर संबंधों के पर्व पर हरेला को खुशी और उल्लास के साथ मनाया जिसमें डॉ अनुराग शर्मा के लिए हरेला मित्र बना कर वृक्षारोपण कराया गया भविष्य में भी इसी प्रकार मिलजुल कर हरेला बेहतर करने के लिए संकल्प दोहराया और एक गिलहरी की तरफ से सबको इस बेहतर प्रयास हेतु शुभकामनाएं व बधाई दी


दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com


# भोले के भक्तों ने सड़क पर नाच नाच के पहुंचे कछला गंगा घाट



मनोज कुमार पटेल

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- शिव भक्तों ने आज दूर दर से आए शिव भक्त कछला गंगा घाट के लिए रवाना हुए क्योंकि कल सावन महीने का दूसरा सोमवार है जिसको शिव भक्तों ने अपने गांव से लेकर शहर तक नाचते गाते डीजे की धुन पर खूब मजे उड़ाए शिव भक्तों की निगरानी शासन के निर्देशों अनुसार पुलिस प्रशासन पूरी तरह से व्यवस्था में लगा हुआ है जिससे किसी प्रकार की शिव भक्तों के साथ कोई अनहोनी ना हो पाए जिसके लिए चौराहे पर ट्रैफिक पुलिस बा चौकी इंचार्ज के साथ पुलिस बल लगा हुआ है जो की निगरानी के लिए कुछ अन्य अधिकारी लगाए गए हैं और समय-समय पर जिला अधिकारी बा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सभी रोड की निगरानी कर रहे हैं कि कहीं पर किसी भी भक्तों के लिए कोई परेशानी ना हो शिव भक्तों का कहना है कि इस बार प्रशासन हम बोले शिव भक्तों को पूरा ध्यान रखे हुआ है जोकिखाना खाने के लिए में भंडारे जगह जगह लगे हुए हैं

# बहन की हत्या कर आंगन में दफनाया शव

प्रेमचंद जायसवाल

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती -बड़का धर्मतापुर गांव में भाई ने बहन की हत्या कर शव घर के आंगन में दफना दिया। तीन दिन पूर्व ग्रामीण की शिकायत पर सिरसिया थाने की पुलिस हरकत में आई। घर की घेराबंदी कर युवती की तलाश शुरू की गई। मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में आंगन में खोदाई करवाकर शव बाहर निकाला गया। धर्मतापुर निवासी संजय कुमार ने सिरसिया थाने में तहरीर देकर बताया था कि गांव के रमेश कुमार ने अपनी बहन की हत्या कर शव गायब कर दिया है। संभावना है कि आरोपित ने शव को घर के आंगन में दफना दिया है। इसके बाद पुलिस सक्रिय हो गई। आरोपित के घर पर पुलिस का पहरा लगा दिया गया। शव की तलाश शुरू हुई। अतिरिक्त मजिस्ट्रेट आशुतोष सिरसिया थानाध्यक्ष पंकज कुमार पुलिस व फोरेंसिक टीम के साथ पहुंचे। घर के आंगन में खोदाई शुरू हुई। करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद लगभग सात फीट गहराई में युवती का शव दिखा। इसे देखते ही वहां मौजूद हर कोई दंग रह गया। ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकलवा कर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा। फोरेंसिक टीम ने भी मौके से साक्ष्य एकत्र किए। आनर किलिंग की संभावना = गांव में चर्चा है कि युवती का गांव के ही युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। परिवार के लोगों को यह रिश्ता मंजूर नहीं था। युवती अपने प्रेमी से विवाह करना चाहती थी। ऐसे में उसे रास्ते से हटाने के लिए हत्या कर शव को दफना दिया गया। गांव के लोग आनर किलिंग की संभावना जता रहे हैं।घर के आंगन से युवती का शव बरामद होने के बाद फिलहाल पुलिस इस मामले में मौन है। सिरसिया थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि बिना पड़ताल किए कुछ भी कह पाना मुश्किल है। युवती की मौत किन परिस्थितियों में हुई? हत्या हुई तो इसके पीछे क्या कारण हैं? इन सवालों का जवाब तलाशे जा रहे हैं। सही तथ्य मिलने के बाद जानकारी दी जाएगी।

# आपदाओं से बचने हेतु चला प्रशिक्षण अभियान

लंकीन प्रसाद वर्मा


दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती - जनपद में आपदाओं की प्रवृत्ति व प्रकृति को देखते हुए जिला आपदा प्रबन्ध प्राधिकरण एन0डी0आर0एफ0 के माध्यम से विद्यालयों में आपदा प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। अब तक इस अभियान में जिले के 12 विद्यालयों में छात्रों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। आज इसी क्रम में जवाहर नवोदय विद्यालय के छात्र-छात्राओं को विभिन्न प्रकार की आपदाओं से निपटने के लिए प्रशिक्षित किया गया। विद्यालय में कमाण्डेंट मनोज कुमार शर्मा के निर्देशन में पहुची टीम की अगुवाई




टीम कमाण्डर धीरेन्द्र उपाध्याय ने की। उन्होने बताया कि किसी भी आपदा से निपटने के लिए धैर्य बहुत आवश्यक है। धैर्य के साथ उचित जानकारी होने के साथ हम बड़ी से बड़ी आपदाओं से सफलतापूर्वक निपट सकते है। टीम ने बच्चों के सामने आग से बचाव, स्ट्रेचर बनाना, प्राथमिक उपचार, हीट स्ट्रोक से बचाव, सड़क सुरक्षा, कोविड-19 से बचाव, बाढ़ से बचाव, गले में फंसी वस्तु को बाहर निकालना आदि समस्याओं के समाधान बताये व बच्चों को भी प्रैक्टिकल कर बचाव की तकनीक सीखने के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर उपनिरीक्षक शिवपूजन सिंह, विद्यालय के प्राचार्य राम बहादुर वर्मा सहित विद्यालय के 18 शिक्षक व 180 छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# मुरादाबाद के कुणाल ने पैरा टेबल टेनिस ओपन 2022 में जीता सिल्वर मेडल, थाइलैंड में हुई थी चैंपियनशिप



मुरादाबाद-थाईलैंड के नॉन्गनूच पटाया शहर में आयोजित पैरा टेबल टेनिस ओपन 2022 में मुरादाबाद के कुणाल अरोड़ा ने रजत पदक जीता है। चैंपियनशिप 18 से 21 जुलाई तक आयोजित की गई थी। इसमें मुरादाबाद के कुणाल ने भारत के लिए मिक्स डबल्स में अपनी पार्टनर वारबे पूर्ति जय देव के साथ खेलते हुए रजत पदक जीता है। कुणाल और वारबे ने मुखर्जी जगन्नाथ और पूनम की जोड़ी को 11-06, 1-1 और 11-6 से हराकर 3-0 से मुकाबला जीतकर अगले राउंड में कजाकिस्तान के औरज बैक अजामत और उनकी पार्टनर बदु ओवा एलदाना को कड़े मुकाबले में 3-2 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। फाइनल के कड़े मुकाबले में कुणाल और वारबे की जोड़ी को हार का सामना करना पड़ा। 15- 13, 11-01, 11-8 से हार मिली लेकिन, भारत के लिए सिल्वर पदक हासिल किया। इसी टूर्नामेंट में कुणाल अरोड़ा ने सिंगल्स में अपने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए जापान के खिलाड़ी को 11-9, 13-11, 5-11 और 11-7 से जीत कर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। सेमीफाइनल में कड़े मुकाबले में कुवैत के खिलाड़ी से उन्हें सीधे सेटों में हार का सामना करना पड़ा। पुरुष डबल्स में भी अपने पार्टनर के साथ पहला राउंड हांगकांग की टीम से जीता और दूसरे राउंड में कड़े मुकाबले के पश्चात इजरायल की टीम से हार गए। अपने शानदार खेल से एक बार पुनः कुणाल अरोड़ा ने देश का नाम रोशन किया है। कुणाल अरोड़ा पिछले एक वर्ष से दीपक मलिक (पिनाकल टेबल टेनिस अकादमी) के मुख्य कोच के मार्गदर्शन में अपनी प्रैक्टिस कर रहे हैं। कुणाल अरोड़ा ने जीत का श्रेय अपने माता-पिता (यशपाल अरोड़ा एवं सोनिया अरोड़ा) को दिया है।इससे पूर्व कुणाल अरोड़ा चार बार नेशनल चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक हासिल कर चुके हैं। कुणाल पांच बार अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत की टीम से खेल चुके हैं और चीन एवं इजिप्ट में भी कांस्य पदक जीत चुके हैं। अब तक कुणाल ने भारत की ओर से जॉर्डन, चीन (बीजिंग) थाईलैंड, इजिप्ट एवं पटाया में भाग लेकर देश का नाम रोशन किया है।

कुणाल अरोड़ा बचपन से ही थैलेसीमिया जैसी घातक बीमारी से जूझ रहे हैं। इस बीमारी से जूझते हुए उन्होंने टेबल टेनिस में अपनी कड़ी मेहनत से यह मुकाम हासिल किया। किसी भी टूर्नामेंट में खेलने से पहले उनको दो यूनिट खून चढ़ाना पड़ता है। यही नहीं हर 15 दिन में रेड क्रॉस सोसाइटी से खून लेकर दिल्ली के हॉस्पिटल में दो बोतल खून चढ़ाना पड़ता है।

# नगर निगम के चुनावों में सन 2024 के लोकसभा के चुनावों में भाजपा किसान मोर्चा अहम, भूमिका निभाएंगे प्रशांत पूनिया

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ- भाजपा किसान मोर्चा महानगर की महत्वपूर्ण बैठक हुई इस बैठक में हर घर पर तिरंगा झंडा फहराना एवं ग्राम सभा की समिति बनाना यह दो प्रोग्रामों को सफल बनाने पर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां दी इस बैठक के मुख्य अतिथि भाजपा किसान मोर्चा बड़ा क्षेत्र के अध्यक्ष प्रशांत पूनिया जी ने भाग लिया इस बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि भाजपा किसान मोर्चा ब्रज क्षेत्र के अध्यक्ष प्रशांत पूनिया जी ने कहा कि घर-घर तिरंगा फहराना एवं ग्राम सभा की समिति बनाना सभी कार्यकर्ता पदाधिकारी उन कार्यक्रमों को सफल बनाने पर ध्यान दें पदाधिकारी एवं महानगर के कार्यकर्ताओं ने ब्रज क्षेत्र के अध्यक्ष मुख्य अतिथि प्रशांत पूनिया जी को 28 00 तिरंगा झंडा कराने का आश्वासन दिया है ग्राम सभा की समिति प्रत्येक ग्राम सभा में संयोजक 10 सदस्यों की नियुक्तियां होनी है उन्होंने साफ कहा है कि सभी पदाधिकारी महानगर के कार्यकर्ता मैं जुलकर इस कार्य को पूरा करें भाजपा किसान मोर्चा ब्रज क्षेत्र के अध्यक्ष प्रशांत पूनिया जी ने कहां है के नगर निगम के चुनाव एवं 2024 के लोकसभा के चुनावों में भाजपा किसान मोर्चा अलीगढ़ में ही नहीं पूरे ब्रज क्षेत्र में अहम भूमिका निभाएगा बैठक बैठक की अध्यक्षता करते हुए भाजपा किसान मोर्चा महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने इस मुख्य बैठक में दूरदराज से आए कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया और कहां के महानगर के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी तुम दोनों प्रोग्रामों को सफल बनाने में जुट जाएं इस बैठक के विशिष्ट अतिथि भाजपा किसान मोर्चा के ब्रज क्षेत्र के उपाध्यक्ष संतोष सिकरवार ने कहा है कि सभी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी महानगर के इन कार्यों में इन प्रोग्रामों में जुट जाएं इस प्रोग्राम को सफल बनाने पर ध्यान दें इसका संचालन किसान मोर्चा महानगर के मंत्री भारत भूषण ने किया इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा महानगर के उपाध्यक्ष चित्र पाल सिंह महानगर के महामंत्री विजय विक्रम सिंह महानगर उपाध्यक्ष विनोद कुमार यादव महानगर उपाध्यक्ष सुशील भारद्वाज महानगर उपाध्यक्ष नीतू राजपूत महानगर के मंत्री अमित प्रताप सिंह महानगर के मंत्री महेश चंद बघेल महानगर के कार्यकारिणी सदस्य सनी ठाकुर महानगर कार्यकारिणी के सदस्य डंबर सिंह न महानगर कार्यकारिणी के सदस्य महेंद्र कुमार बघेल मडराक मंडल के महामंत्री किसान मोर्चा तेजेंद्र प्रताप सिंह आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता विष्णुपुरी मंडल अध्यक्ष दीपक सिंह जय गंज मंडल अध्यक्ष सिमरन मिर्जा रंगपुरी मंडल उपाध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा शर्मा आदि कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे

# कुन्दरकी में केसरिया रंग में रमा हाईवे , झूमते रहे भोले के भक्त



मुरादाबाद-सावन का दूसरा सोमवार आने को है। ऐसे में शिव भक्त भी नेशनल हाईवे पर भक्ति के रंग में झूमते हुए नजर आ रहे हैं। मुरादाबाद-चन्दौसी हाईवे पर दूसरे सोमवार के पावन अवसर पर भोलेनाथ के भक्त गंगाजल लाकर हाइवे से गुजर रहे है। भोलेनाथ के भक्त हरिद्वार, नीलकंठ आदि तीर्थ क्षेत्रों से गंगाजल लेकर नगर में पहुंच रहे हैं। रविवार को कांवड़ियों के बेड़े केसरिया रंग के कपड़े पहने, भगवा ध्वज, तिरंगा को डीजे पर लगाकर गाते नाचते नज़र आए। नगर में जलाभिषेक के लिए भोले भक्त कांवड़िए तीर्थ स्थलों से गंगाजल लेने के लिए रवाना हुए।

# काशीपुर-मुरादाबाद हाईवे पर भी बसों के संचालन पर रोक



मुरादाबाद-सावन के सोमवार को लेकर पुलिस प्रशासन ने शिकंजा कसते हुए काशीपुर-मुरादाबाद हाईवे पर भी संचालित बसों के आवागमन पर रोक लगा दी। रविवार दोपहर से देर रात तक सीमाएं सील कर भारी वाहनों और बसों के आवागमन को रोक दिया गया। इस बार कांवड़ियों के आवागमन को लेकर पहली बार निजी बसों का संचालन दो-तीन दिन के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया है। शरीफ नगर, सुरजन नगर, डिलारी, करनपुर जसपुर आदि मार्गों पर बसों का संचालन शनिवार सुबह से ही बंद है। केवल काशीपुर-मुरादाबाद हाईवे पर ही बसों का आवागमन जारी था। रविवार को इनका आवागमन भी प्रतिबंधित कर दिया गया है। जिला मुख्यालय से आदेश मिलते ही प्रभारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह ने भारी पुलिस बल के साथ सीमा पर पहुंचकर पुलिस चेक पोस्ट के निकट बैरियर स्थापित कर वाहनों का आवागमन रोक दिया।

### कई किलोमीटर पैदल चलना पड़ा यात्रियों को

ठाकुरद्वारा। काशीपुर मुरादाबाद हाईवे पर यूपी और उत्तराखंड दोनों ही राज्यों की सीमाओं पर बैरियर लगाकर भारी वाहनों और यात्री को बसों को रोका जा रहा है। प्रभारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि सोमवार की शाम तक प्रतिबंध जारी रहेगा। उधर भारी वाहनों के प्रतिबंध से यात्रियों की काफी फजीहत रही। यात्रियों को तीन से चार किलोमीटर पैदल चलकर मंजिल तक पहुंचना पड़ा।

### छात्र-छात्राओं को झेलनी पड़ी परेशानी

ठाकुरद्वारा। काशीपुर मुरादाबाद हाईवे पर बसों का संचालन ठप होने के साथ ही भारी पुलिस बल की तैनाती को लेकर टैंपो चालकों ने भी इस रोड पर चलने से तौबा कर ली। इससे छात्राओं को कोचिंग सेंटर से घर लौटने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

www.knlslive.com

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Politics of power

The news is hot that Gotabaya is busy making arrangements to dispose of his billions of wealth deposited and invested in Singapore. The Singapore ruling party knows that their economy is alive on the basis of such 'Gotabayas', so it has to support them. This is the power establishment's 'We are one!' There is no difference like ruling and opposition, there is no difference between country and abroad. You see, some superpower condemned Gotabaya's murder, plunder, oppression, deceit and then running away by throwing dust in the eyes of the country? Somebody asked from Maldives or Singapore how they gave shelter to a criminal? No, all are silent because everyone knows that tomorrow they may also have to find such a way to escape from their people… I do not know since when, with all our heart, we have been shouting: Give voice, we are one, but we are one Didn't happen! They don't make any sound, they don't take out processions, but when the time comes, they are in such a way that even time is stunned. Sri Lanka's criminal, deposed, humiliated and fugitive President Gotabaya Rajapaksa fled his country when the whole country was burning and the whole system built by him collapsed. This was a period in which no patriot could leave the country and run away. His escape proves that whatever he may be, he is not a patriot. If he is a patriot, he will try to handle the situation by putting all the strength of his mind and life in this effort and if he becomes home in this effort, then he will accept it, but Gotabaya's patriotism showed him the way to escape. He disappeared before fleeing, as the streets of Sri Lanka, government buildings, Rashtrapati Bhavan were occupied by civilians. Citizens means 'people' from whom not only Sri Lanka but the whole world's democracy is formed. The tragedy of democracy is that it is made from the people, it is from the running system. Every employee, big or small, who run it, often gets the illusion that they are the nation. Therefore, whenever people come forward to declare their status, Tantra's senses are blown away. He comes down to the battle with army-police, sticks-shots, tear-gas-water swords. Gotabaya did the same thing and when no bus was running, he hid somewhere out of fear. Where? This is the story I want to tell you today. When the waves were rising in the Sri Lankan sea and the army was showing that it was sympathetic to the people, at the same time, the same army was also giving shelter to the rebel Gotabaya. Not only this, she was giving a statement that we have neither kept Gotabaya hidden nor helped her to hide. If Gotabaya had any moral strength, he would have resigned immediately. All the 'Gotabayas' did the same thing. This dreadful reality, only few of us would know how and how much the 'Gotabayas' were present in the national government of Sri Lanka. has escaped from his country by theft comes to Singapore with such an announcement, will he get entry and shelter in Singapore? Government does not respond, threatens: no one is allowed to protest in Singapore! The news is hot that Gotabaya is busy making arrangements to dispose of his billions of wealth deposited and invested in Singapore. The Singapore ruling party knows that their economy is alive on the basis of such 'Gotabayas', so it has to support them. This is the ruling establishment's 'We are one!' There is no difference between the ruling party and the opposition.


# Monalisa got bold photoshoot done in Thai high slit dress, fans were injured after seeing the pictures



Monalisa has shared pictures from her recent bold photoshoot on Instagram. In this, she can be seen posing in a bold style wearing a pink color one piece dress. Monalisa has shared a total of 5 pictures. Her pictures have gone viral on Instagram. The pictures have got more than 18000 likes in 3 hours. There are about 500 comments. Monalisa has done bold photoshoot in makeup room - Monalisa has done photoshoot in makeup room. She is looking very hot. She has done makeup. She applied lipstick In the photo, Monalisa is posing with her hands. In this her slim and toned figure is also visible. In the fourth photo, Monalisa is posing with her hands on the makeup compartment and she is looking at the camera. In the fifth photo she is sitting on the sofa Bold words. Monalisa shared pictures with five emojis - Monalisa shared pictures with five emojis, 'Sometime looking so beautiful' by one It is written, 'Amazing Gorgeous' while one has written 'Wahl' while one has written, 'Firel' Monalisa often shares her hot and bold pictures and videos - Monalisa is a Bhojpuri actress. She has worked in many Bhojpuri films. Movies have been well-liked. She is also very active on social media and often shares her hot and bold pictures and videos. Her fans are also very excited about it. Monalisa's films are quite popular. She also often shares her dance videos. Fans are also excited about this.

# People mistook Hrithik Roshan's girlfriend Saba as his daughter! Age gap is more than Priyanka-Nick

The relationship between Bollywood actors Hrithik Roshan and Saba Azad has come into the limelight this year. There were first reports of both of them being in a relationship and then both of them were seen here and there holding each other's hands many times. Recently, Hrithik Roshan and Saba Azad were once again seen holding each other's hands at the airport and paparazzi recorded pictures and videos of both of them. Started going viral but the response on this on people is not very positive. Rather, most people were seen trolling Hrithik Roshan and Saba Azad. Most of the users got confused about Saba being Hrithik Roshan's daughter. Even those users who recognized Saba, those users have also spoken about the age gap of both. People thought that 'Bap-Daughter' were going together - one user wrote in the comment section, 'Bap Beti'. Another wrote, 'Why don't Bollywood people have a wife, Re Baba.' Another user took a jibe at Hrithik Roshan and wrote, 'I felt at first sight as if this is his daughter.' Let us tell you that there is a big difference between the height of Hrithik Roshan and Saba Azad and the physique of both. The age gap of both is more than Priyanka-Nick- Apart from this, there is a lot of gap in the age of both of them. Actor Hrithik Roshan, who is called the Greek God of Bollywood, is 48 years old, while his new girlfriend Saba Azad is only 36 years old. That is, there is a difference of 12 years in the age of both. Let us tell you that Priyanka Chopra and Nick Jonas have a 10-year age gap and Hrithik-Saba's age gap is even more than that.



# कारागार को बनाएंगे सुधार गृह – डॉ रघुनंदन, तीन दर्जन महिलाओं ने की हिस्सेदारी




निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- जेल सुधारों के क्षेत्र में पिछले 16 वर्षों से कार्य कर रही है प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था राष्ट्रीय युवा शक्ति के तत्वावधान में कारागार भारती अभियान के अंतर्गत जिला कारागार एटा में निरुद्ध बंदी महिलाओं को रोजगार से जुड़ने एवं उन्हें स्वावलंबी बनाने हेतु सिलाई कढ़ाई बुनाई प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत हुई। कारागार अधीक्षक अमित चौधरी एवं जेल सुधारक डॉ प्रदीप रघुनंदन ने संयुक्त रूप से फीता काटकर महिलाओं के लिए आयोजित प्रशिक्षण अभियान की शुरुआत की। उद्यमिता प्रशिक्षण अभियान से जुड़ी ट्रेनर श्रीमती कविता एवं श्रीमती संजना ने बंदी महिलाओं के बीच सिलाई के टिप्स सिखाएं। उन्होंने महिलाओं को नाप लेना कपड़े की कटाई ब्लाउज पेटीकोट पाजामा फ्रॉक सूट के हुनर को सिखाते हुए किस तरह से सिलाई की जाती है इसका प्रशिक्षण दिया और उन्हें बेहतरीन टेलरिंग करने हेतु प्रेरित किया। कारागार भारती अभियान के अंतर्गत प्रशिक्षण ग्रहण करने वाली बंदी महिलाओं के बीच विचार व्यक्त करते हुए जिला कारागार एटा के अधीक्षक अमित चौधरी ने कहा कि कारागार भारती अभियान के अंतर्गत महिलाओं को दिया जाने वाला प्रशिक्षण निश्चित रूप से उनको हुनरमंद बनाएगा द्य वह सिलाई में अपने आप को बेहतरीन तरीके से तैयार कर पाएंगे इसका लाभ उनके व्यवसाय जीवन में भी मिलेगा और वह खुद को स्वावलंबी बना पाएंगी। उन्होंने बंदी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु आयोजित इस अभियान के लिए जेल सुधारक डॉ रघुनंदन की भूरी भूरी प्रशंसा की। जेल सुधारक डॉक्टर प्रदीप रघुनंदन ने कहा कि कारागार भारती अभियान उत्तर प्रदेश की जेलों मे निरुद्ध महिलाओं के लिए एक नई शक्ति एक नया संभल बनेगा और वे सिलाई के क्षेत्र में एक नई ऊर्जा के साथ कार्य करते हुए अपने आप को रोजगार से जोड़ कर अपने जीवन को बेहतर बना पाए। उन्होंने कहा एटा जनपद कारागार से शुरू की गई यह मुहिम उत्तर प्रदेश के समस्त जेलो के लिए चलाई जाएगी और इससे बने तैयार माल को खुदरा बाजारों में बेचकर महिलाओं को आर्थिक रूप से शक्तिशाली बनाया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान कारागार अधीक्षक आरके सचान उप जेलर रित्विक प्रियदर्शी महिला हेड वार्डर सहित कारागार विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित थे।

# जनपद के थाना मारहरा क्षेत्र मे मानवता ने बचाई एक कावड़बाले की जान



योगेश मुदगल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- रास्ते से गुजर रहे कावड़िए को लगा बिजली के पोल से करंट, करंट लगने से कावड़िया हुआ बेहोश। मौके पर मौजूद मुस्लिम समाज के स्थानीय लोगों ने तुरंत भाग कर कावड़िया की जमकर खुँदाई कर लाए होश में। स्थानीय लोगों की सूझबूझ से बची एक व्यक्ति की जान, वहां पर मौजूद पब्लिक बिजली विभाग की लापरवाही बता रहे थे, रोड पर लगे पोल में करंट उतरना विभाग की घोर लापरवाही को दर्शाता है। आजकल बरसात का मौसम है नमी के कारण बिजली की पावर और अधिक बढ जाती है पर विभाग की इस तरह की लापरवाही से आगे भी कोई बड़ा हादसा होने से इन्कार नहीं किया जा सकता है।

# बाबा सारथी द्वारा पुलिस कर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवाईयों का वितरण

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




एटा- कासगंज।वामा सारथी पुलिस वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में पुलिस अधीक्षक बी बी जी टी एस मूर्ति तथा वामा सारथी की अध्यक्षा श्री मती डी. निवी मूर्ति के नेतृत्व में पुलिस कर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण जिला अस्पताल व कलावती अस्पताल के डाक्टरों की टीम द्वारा किया गया तथा दवाइयाँ भी वितरित की गई इस दौरान डी निवी द्वारा पुलिस कर्मियों को व्यस्तता पूर्ण जीवन शैली के बीच में स्वयं को स्वस्थ बनाए रखने के संबंध में महत्व पूर्ण सुझाव भी दिये गये! शिविर में प्रतिसार निरीक्षक रविन्द्र मलिक, महिला चिकित्सक डॉ मोहसिना, डॉ लवली, डॉ उमाशंकर, डॉ राकेश गौतम डॉ अनिल शर्मा, डॉ प्रगति मौजूद रहे! अनुसूचित जाति के कृषकों को बागवानी पर मिलेगा 90 प्रतिशत तक का अनुदान! उद्यान विभाग द्वारा संचालित अनसूचित जाति, जाति बहुल क्षेत्रों में औद्योगिक विकास योजना के अन्तर्गत विभाग को संकर शिमला मिर्च, 5, हेक्टेयर, संकर लौकी 6, हैक्टेयर, संकर टमाटर, 6 हैक्टेयर, गैंदा 3 हैक्टेयर, मसाला मिर्च 6 हैक्टेयर, खरीफ प्याज 7 हैक्टेयर कट फ्लावर 1 हैक्टेयर, आई पी एम 1 हैक्टेयर, मौन वंश 5 के लक्ष्य प्राप्त हुए हैं जिसके अंतर्गत कृषकों को अनुदान के साथ बीजा उपलब्ध कराया जायगा, जिला उद्यान अधिकारी सुबोध कुमार ने बताया कि योजना का लाभ उठाने के लिए कृषक जिला उद्यान अधिकारी के कार्यालय में निशुल्क पंजियन करा सकते हैं यह योजना लाभार्थियों के लिए प्रथम आवक और प्रथम पावक आधार पर की जायगी, अधिक जानकारी के लिए फोन न. 9411242812 पर संपर्क किया जा सकता है!

# तेज रफ्तार बाइकों की भिड़ंत में घायल व्यक्ति की हायर सेंटर ले जाते समय हुई मौत

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-परिजनों की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर भेजा पोस्टमार्टम हाउस। बदन सिंह निवासी चुनीपुर को मेडिकल कॉलेज में गंभीर हालत में कराया गया था भर्ती, चिकित्सकों ने गंभीर अवस्था देख किया था हायर सेंटर रेफर। मृतक व्यक्ति की बाइक में सामने से आ रही बाइक सवारों ने मारी टक्कर, बाइक घटना स्थल पर छोड़ हुए फरार। बाइक द्वारा एटा से अपने गांव चुनीपुर जाते समय रास्ते में हुआ हादसा। थाना सकीट क्षेत्र के अंतर्गत एटा सकीट मार्ग पर गांव अंगद पुर के पास की घटना।

# अचल संपत्ति जब्तीकरण को लेकर पुलिस ने चस्पा किया नोटिस

योगेश मुदगल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-सपा नेता, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जुगेन्द्र सिंह यादव की संपत्ति जब्तीकरण की कार्रवाई को लेकर शनिवार को कोतवाली देहात पुलिस ने नोटिस चस्पा किया सपा नेता, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जुगेन्द्र सिंह यादव की संपत्ति जब्तीकरण की कार्रवाई को लेकर शनिवार को कोतवाली देहात पुलिस ने नोटिस चस्पा किया है।

विवेचना के दौरान नई ज्ञात अवैध संपत्ति सामने सामने आई। पुलिस ने अचल संपत्ति का जब्त करने का अनुरोध किया था। बता दें कि कुछ दिन पहले ही डीएम ने गैंगस्टर एक्ट में आरोपी जुगेन्द्र सिंह यादव की अचल संपत्ति कुर्क करने के आदेश दिए थे। कोतवाली देहात पुलिस की विवेचना में सामने आया कि आरोपी जुगेन्द्र सिंह यादव निवासी अमृतपुर रघुपुर थाना जसरथपुर हाल पता प्रेमनगर कोतवाली नगर ने अपराध कारित अर्जित धन से अपने, पत्नी के नाम से संपत्ति क्रय की। पुलिस ने रिपोर्ट देते हुए संपत्ति जब्त करने का अनुरोध किया था। रिपोर्ट के बाद डीएम ने एसडीएम सदर, अलीगंज को प्रशासक बनाते हुए कार्रवाई कर रिपोर्ट प्रेषित करने आदेश दिए थे। शनिवार को कोतवाली देहात में तैनात इंस्पेक्टर क्राइम नरेश सिंह मोहल्ला प्रेमनगर स्थित आवास पर पहुंचे और संपत्ति जब्तीकरण को लेकर नोटित तामील किया।

# अधिवक्ताओं ने कोर्ट बहिष्कार निर्णय वापस

योगेश मुदगल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- तहसील बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने एसडीएम न्यायालय का बहिष्कार करने का निर्णय शनिवार को वापस ले लिया तहसील बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने एसडीएम न्यायालय का बहिष्कार करने का निर्णय शनिवार को वापस ले लिया है।

सोमवार से तहसील अधिवक्ता नियमित रूप से एसडीएम कोर्ट में मुकदमों की पैरवी करेंगे। शनिवार को एसडीएम अलंकार अग्निहोत्री ने अधिवक्ताओं के साथ बैठक की। बैठक में एसडीएम ने अधिवक्ताओं की समस्याओं को सुनकर निस्तारण का आश्वासन दिया है। जिस पर तहसील बार एसोसिएशन अध्यक्ष सुरेंद्र पचौरी ने अपने न्यायालय बहिष्कार का निर्णय वापस ले लिया है। बैठक में एसडीएम अलंकार अग्निहोत्री के साथ सीओ इरफान नासिर खान, तहसील बार अध्यक्ष सुरेंद्र पचौरी, सचिव जीवेन्द्र प्रताप सिंह, विष्णु गोपाल दीक्षित, राजेश शर्मा, जेपी सिंह, रमेश शर्मा, राजगोपाल सिंह, सुनील यादव, सुनील दीक्षित, केपी सिंह अधिवक्ता मौजूद रहे।

आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

## फर्रुखाबाद बीसलपुर गांव बढ़पुर क्षेत्र सडक पर बहते कीचड व गंदे पानी मे घूस कर विधालय जा रहे नौनिहाल बच्च

हारुन बख्श

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



फर्रुखाबाद - बढपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत वीसलपुर तराई मे ग्राम प्रधान रामादेवी की लापरवाही से नगला भूड मे सडक पर बहते कीचड युक्त गंदे पानी मे बच्चो के साथ अनहोनी घटना हैरानी की बात कीचड युक्त गंदे पानी मे घूसकर आते है हर माह राशन कोटे पर सैकड़ो कार्ड धारक फिर भी समाधान नही फर्रूखाबाद गांवो मे विकास के वादे पर जीत का सेहरा बांध चुके ग्राम प्रधान अब जनता से छिपते घूम रहे है.कयो कि भीषण गंदगी व कीचड युक्त सडको पर बहते गंदे पानी मे घूस कर निकल रहे छोटे छोटे नौनिहाल बच्चे व ग्रामीण प्रधान के विकास के वादे व हकीकत की पोल खोल रहे है.लगातार गांव की मुख्य सडक पर भरा गंदा पानी की शिकायत ग्रामीण ग्राम प्रधान से कई बार कर चुके है .मगर ग्राम प्रधान के कानो मे जूं तक नही रेगं रही है. बढपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत वीसलपुर तराई मजरा नगला भूड मे कई महीने से सडक पर नालियो का गंदा पानी बह रहा है.जिसमे आये दिन छोटे छोटे स्कूल जाने वाले बच्चे गिर कर चुटहिल हो रहे है.तो वही ग्रामीण को पानी मे घूस कर निकलना पड रहा है.हैरानी की बात तो यह है.कि इसी सडक पर मात्र चंद कदम की दूरी पर सरकारी राशन कोटा है. जिसमे हर माह सैकड़ो कार्ड धारक भी इसी जलभराव वाले रास्ते से निकलकर राशन लेने आते है.इसके बाबजूद भी ग्राम प्रधान ने इस जलभराव की समस्या का समाधान निकालना तो दूर मिट्टी तक डलवाने की जरूरत तक नही समझी. ग्रामीणो ने समस्या समाधान के लिये उच्च अधिकारियो से गुहार लगाई है.गौरतलब यह है. कि अगर जलभराव व कीचड युक्त सडक का समाधान जल्द ना किया गया तो प्रधान रामादेवी की लापरवाही से कभी भी कोई अनहोनी घटना घटित घट सकती है.

## अपनी भाभी और चाचा को संभाल नहीं पाए, मुझे क्या संभालेंगे...अखिलेश यादव से तलाक पर बोले- ओपी राजभर



समाजवादी पार्टी से अलग होने के बाद ओम प्रकाश राजभर ने अखिलेश यादव पर एक बार फिर हमला बोला है। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी प्रमुख ओम प्रकाश राजभर ने कहा है कि 2024 में किसी भी दल के साथ मिलकर गठबंधन करने में कोई परहेज नहीं है। बसपा के साथ मिलकर राजनीति कर सकते हैं। उन्होंने साफ किया कि सपा और सुभासपा में दोनों तरफ से तलाक हो चुका है। रविवार को शहर स्थित जनक कुमार विद्यालय में पूर्वांचल युवा मंच की ओर से आयोजित युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करने आये थे। मीडिया के साथ बातचीत में ओम प्रकाश ने सपा मुखिया अखिलेश यादव पर निशाना साधा।उन्होंने कहा कि मैंने अखिलेश से कहा था कि कुछ दिन नान एसी की हवा ली जाय। मैदान में निकला जाय। मेरी नहीं सुनी गयी। न ही राष्ट्रपति के चुनाव में बैठक में बुलाया गया। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव अपनी भाभी अपर्णा और चाचा शिवपाल को सम्भाल नहीं पाये तो हमें कहां से सम्भाल पायेंगे। वे किसी की सुनते नहीं। टिकट के बंटवारे में पक्षपात करते हैं। उनका बताया कि सपा से गठबंधन टूट चुका है। 2024 चुनाव के बारे में रणनीति बनाये जाने के बारे में ओम प्रकाश ने कहा कि अकेले कोई पार्टी सरकार नहीं बना सकती है। मुझे भी किसी ने किसी से गठबंधन करना है। मैं बसपा से बात करने के मूड में हूं। कारण कि बसपा जमीनी कार्यकर्ताओं से बात करती है। आजमगढ़ उप चुनाव में बसपा ने बेहतर प्रदर्शन भी किया है। बसपा मुखिया मायावती और भाजपा नेता अमित शाह भी एसी में रहते हैं लेकिन कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करते हैं।एक सवाल के जवाब में कि निषाद पार्टी मुखिया संजय निषाद ने कहा है कि सुभासपा भाजपा में आयेगी? उन्होंने तीखा व्यंग किया। कहा कि डा. संजय निषाद भाजपा के मालिक नहीं हैं। भाजपा में सिर्फ दो नेताओं की चलती है। पीएम मोदी और अमित साह पार्टी को चला रहे हैं। इस दौरान सुभासपा विधायक बेदी राम, डा. जेपी सिंह समेत तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बिना कसूर 20 साल जेल में बिताए, गांव वापस लौटा तो पत्नी ने दिया धोखा, नई-नवेली दुल्हन हो गई फुर्र




बीस साल पहले एक ग्रामीण के साथ किस्मत ने जो खेल खेला उसकी भरपाई अभी तक नहीं हो पाई। अब वापस लौटा तो ग्रामीण पूरी तरह से टूट चुका था, उसे एक सहारे की तलाश थी। ग्रामीण ने जिसे अपना सहारा बनाया वह भी धोखेबाज निकली। ये कहानी है यूपी के ललितपुर निवासी एक ग्रामीण की। इस ग्रामीण ने जिंदगी के बीस साल बिना कसूर के ही सलाखों के पीछे गुजार दिए। बीस साल बाद हाईकोर्ट ने ग्रामीण को निर्दोष करार दिया तो वह अपने घर लौटा, लेकिन उसे क्या पता था कि किस्मत ने अभी भी उससे मुंह मोड़ रखा है। यहां जिस महिला से युवक ने कुछ दिन पहले शादी कि उसने भी धोखा दे दिया और फुर्र हो गई। अब पीड़ित ग्रामीण महिला और उसके परिजनों की खोजबीन कर रहा है ताकि उसे सबक सिखा सके। मामला जिले के महरौनी कोतवाली अंतर्गत ग्राम पंचायत सिलावन में रहने वाले विष्णु तिवारी दुष्कर्म व एससीएसटी के फर्जी मामले में बीस वर्ष जेल में निरुद्ध रहे। उनको बीते वर्ष हाईकोर्ट ने निर्दोष करार देते हुए रिहा कर दिया था। गांव में रहने वाली कुछ महिलाओं ने जमीनी विवाद होने पर उनके खिलाफ साजिशन यह मुकदमा दर्ज कराया था। गांव आने के बाद आर्थिक रूप से टूट चुके विष्णु की सामाज के लोगों ने तरह-तरह से मदद की। कुछ दिन अकेले काटने के बाद उसने विवाह का निर्णय लिया। गांव में रहने वाले एक व्यक्ति के समक्ष उसने अपनी इच्छा रखी तो उसने एक परिवार से उनकी मुलाकात करवा दी। लड़की पसंद आने पर शादी के एवज में एक लाख रुपये ले लिए। दुल्हन के चढ़ावे वाले जेवरात व साड़ियां भी ले लीं। शादी तय करवाने वाले व्यक्ति ने बीस हजार रुपये अलग से मांगे। फिर 22 जुलाई को डोंगरा स्थित देवी जी के मंदिर में शादी कराई गई। विष्णु हंसी खुशी अपनी नई नवेली दुल्हन को लेकर घर चला गया। सुबह लड़की ने अपनी मां से मिलने की बात कही तो विष्णु अपनी पत्नी को लेकर तुवन मंदिर आए। यहां वह पानी की बोतल लेने दुकान पर गए तभी दुल्हन दबे पांव फुर्र हो गई। अब विष्णु ने आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

## बुलंदशहर: कांवड़ शिविर पर मधुमक्खियों का हमला, मची भगदड़



बुलंदशहर के स्याना में रविवार को कांवड़ शिविर में मधुमक्खियों के हमले से भगदड़ मच गई। शिविर में मौजूद कांवड़ यात्रियों और सेवा कर रहे लोगों ने भी वहां भागकर जान बचाई। मधुमक्खियों ने वहां से गुजर रहे बाइक सवार दंपति को अपना शिकार बना लिया। इस दौरान गढ़मुक्तेश्वर-स्याना मार्ग मार्ग बंद हो गया। फिर लोगों ने आग जलाकर धुआं किया, जिससे मधुमक्खियों का झुंड वहां से चला गया। स्याना में नहर पुलिस चौकी स्थित लगे कांवड़ शिविर पर मधुमक्खियों के झुंड ने अचानक लोगों को काटना शुरू कर दिया। मधुमक्खियों के हमले में बाइक से गुजर रहे सिंभावली के सरदार अमरीक सिंह और उनकी पत्नी हरविंदर कौर घायल हो गईं। गंभीर रूप से घायल हुए दंपति को एंबुलेंस से हापुड़ के अस्पताल भिजवाया गया। मधुमक्खियों के हमले को देख गढ़मुक्तेश्वर-स्याना मार्ग मार्ग पूरी तरह बंद हो गया और कांवड़ शिविरों में सन्नाटा छा गया। इस दौरान ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी भी असहाय नजर आए। सूचना मिलते ही एसडीएम मधुमिता सिंह और सीओ वंदना शर्मा मौके पर पहुंच गईं। खेतों में कार्य कर रहे किसानों ने टाट पट्टी और पूले के ढेरों में आग लगाकर धुआं किया। तब कहीं जाकर मधुमक्खियों का आतंक खत्म हुआ। कोतवाल धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस चौकी के निकट सेमल के ऊंचे वृक्षों पर डंगारा मधुमक्खियों ने छत्ते बनाए हुए हैं।